जबसे खाटू वाले ने सहारा दिया भजन लिरिक्स

जबसे खाटू वाले ने सहारा दिया,
तबसे हर दु:ख ने मुझसे किनारा किया,
है कमी मेरे घर में अब तो कुछ भी नहीं,
श्याम नाम का अमृत है जबसे पिया,
जबसे खाटु वाले ने सहारा दिया।bd।

तर्ज – मैं तेरे इश्क़ में।

भाई बंधु न आँखें मिलाते थे,
जब मैं दिख जाता आँखें चुराते थे,
मांग लूँ ना सहारा ये उनको था डर,
अब तो उन सबको है देखो मेरी फिकर,
श्याम खाटू का जबसे नज़ारा किया,
है कमी मेरे घर में अब तो कुछ भी नहीं,
श्याम नाम का अमृत है जबसे पिया,
जबसे खाटु वाले ने सहारा दिया।bd।

दाना पानी नहीं था खाने को,
ना किराया था आने जाने को,
आँखों में आंसू मेरे रहता दिल में फिकर,
अब फिकर ही नहीं है किसी बात की,
एक था वक़्त जब था गुज़ारा किया,
है कमी मेरे घर में अब तो कुछ भी नहीं,
श्याम नाम का अमृत है जबसे पिया,
जबसे खाटु वाले ने सहारा दिया।bd।

हारे का सहारा बाबा श्याम है,
खाटू नगरी में इनका धाम है,
शीश का ये है दानी बाबा तीन बाण धारी,
अपने लालों की विनती को सुनता है ये,
'टीटू' की ज़िन्दगी में उजाला किया,
है कमी मेरे घर में अब तो कुछ भी नहीं,
श्याम नाम का अमृत है जबसे पिया,
जबसे खाटु वाले ने सहारा दिया।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जबसे खाटू वाले ने सहारा दिया,
तबसे हर दु:ख ने मुझसे किनारा किया,
है कमी मेरे घर में अब तो कुछ भी नहीं,
श्याम नाम का अमृत है जबसे पिया,
जबसे खाटु वाले ने सहारा दिया।bd।

गायक – विनीत जी द्विवेदी।
लेखक – टीटू जी बेधड़क। (बरेली)
संपर्क – 96272 43686

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com